# चित्रकूट-पुलिस

**(1).** नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, महिला सशक्तिकरण, महिला कल्याण एवं बाल विकास के प्रति चलाये जा रहे "मिशन शक्ति अभियान-4" के तत्वाधान में जनपद के समस्त थानों की एण्टी रोमियों टीमों/''शक्ति दीदी'' द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थल एवं ग्रामों में भ्रमण कर महिला एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के प्रति जागरुक किया गया।

"मिशन शक्ति अभियान-4" व ''शक्ति दीदी'' अभियान के तहत आज दिनांक 28.12.2024 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट  श्री अरूण कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद में नोडल अधिकारी मिशन शक्ति क्षेत्राधिकारी राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय के पर्यवेक्षण में समस्त थाना क्षेत्रो में एण्टी रोमियों टीमों द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थलों एवं ग्रामो में भ्रमण किया गया । महिलाओं/बालिकाओँ को "मिशन शक्ति" व ''शक्ति दीदी'' के सार्वजनिक स्थलो जैसे-चौराहे, बाजारों को असामाजिक तत्वों से मुक्त कराये जाने तथा महिलाओ एवं बालिकाओं के साथ राह चलते छेडखानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन तथा अभद्र टिप्पणियाँ इत्यादि की घटनाओं को रोकने के लिये जागरुक किया गया तथा महिला/बालिकाओं को सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे यू0पी0-112 नम्बर/वूमेन पावर लाइन 1090/यूपी कॉप एप/181 महिला हेल्प लाइन/1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन/1098 चाइल्ड हेल्प लाइन/102 स्वास्थ्य सेवा/108 एम्बूलेन्स सेवा/1930 साइबर हेल्पलाइन के बारे में जानकारियां दी गई । इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हैल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है । इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओ को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया । इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित "एंटी रोमियो स्क्वायड" टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों यथा- स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चैकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदो/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की।

**(2).** आज दिनाँक 28.12.2024 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह निर्देशन में चित्रकूट पुलिस द्वारा आगामी त्योहार के दृष्टिगत शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृण बनाये रखने हेतु थाना/चौकी प्रभारियो द्वारा थाना/चौकी क्षेत्र के मिश्रित आबादी क्षेत्र एवं भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त किया गया। पुलिस टीमों द्वारा दुकानदारों, व्यापारीबंधुओँ एवं क्षेत्रीय नागरिको से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया। पैदल गस्त के दौरान पुलिस टीम द्वारा सरकारी शराब की दुकानों को चेक किया गया एवं 02/04 पहिया वाहनों की चेकिंग की गयी।

(3). पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अवैध शराब के निर्माण/ब्रिकी की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक राजापुर श्री मनोज कुमार के मार्गदर्शन में उ0नि0 श्री कन्हैयाबक्श व उनकी टीम द्वारा अभियुक्त शोभालाल धोबी पुत्र स्व0 देवीदीन निवासी उफरौली थाना मऊ जिला चित्रकूट के कब्जे से 45 अदद देशी शराब ठेका बरामद होना थाना राजापुर जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया।
गिरफ्तार करने वाली टीम-
1.उ0नि0 श्री कन्हैयाबक्श थाना राजापुर
2.आरक्षी शाकिर अली
3.आरक्षी चन्दन विश्वकर्मा
(4).आज दिनाँक 28.12.2024 को अपर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री चक्रपाणि त्रिपाठी की अध्यक्षता में थाना पहाड़ी में थाना दिवस के अवसर पर फरियादियों की शिकायतों को सुनकर निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया तथा भूमि विवाद से सम्बन्धित प्रकरणों में पुलिस एवं राजस्व विभाग को संयुक्त रुप से मौके पर जाकर निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया ।

इस दौरान अपराध निरीक्षक पहाड़ी श्री प्रभुनाथ यादव एवं राजस्व व पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे ।

(5). आगामी महाकुंभ 2025 को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराए जाने हेतु आज दिनांक 28.12.2024 को अपर पुलिस महानिदेशक राजकीय रेलवे पुलिस श्री प्रकाश डी द्वारा पुलिस उपमहानिरीक्षक जीआरपी श्री राहुल राज,पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह,पुलिस अधीक्षक जीआरपी झांसी श्री विपुल कुमार श्रीवास्तव की उपस्थिति में रेलवे स्टेशन चित्रकूटधाम कर्वी,रेलवे स्टेशन मानिकपुर,रेलवे स्टेशन शिवरामपुर,स्टेशन भरतकूप का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।
भ्रमण के दौरान क्षेत्राधिकारी जीआरपी श्री एन0के0 मंसूरी, प्रभारी जीआरपी कर्वी श्री अजय भदौरिया,प्रभारी मानिकपुर जीआरपी श्री विनेश कुमार यादव,पीआरओ श्री प्रदीप पाल,प्रभारी आरपीएफ सहित अन्य पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

(6). मा0 न्यायालय सिविल जज(जू0डि0) कर्वी चित्रकूट के आदेश दिनांक 24.12.2024 के अनुपालन में के अनुपालन में आज दिनांक 28.12.2024 को आबकारी अधिनियम के अभियोगो को क्षेत्राधिकारी नगर श्री राज कमल, सहायक अभियोजन अधिकारी श्री आकाश साहू,आबकारी निरीक्षक श्री रविशंकर गुप्ता,थानाध्यक्ष बहिलपुरवा श्री राम सिंह व प्रधान लेखक मुख्य आरक्षी मुन्नालाल की उपस्थित में थाना बहिलपुरवा परिसर में गढ़्ढा खोदवाकर कुल 77 मुकदमा आबकारी अधिनियम के पंचनामा माल समिति के समक्ष नष्ट कराकर गढ़्ढे में दबाकर विनिष्टीकरण कराया गया।

(7). पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में अपराध पर अंकुश लगाने हेतु अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में थानाध्यक्ष भरतकूप श्री प्रवीण कुमार सिंह के मार्गदर्शन में उ0नि0 श्री रामकुमार तथा उनके हमराही द्वारा अभियुक्त अस्मित पुत्र सुशील कुमार पटेल निवासी ग्राम घूरेटनपुर थाना भरतकूप जनपद चित्रकूट को 01 अदद तमंचा 315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध थाना भरतकूप में धारा 03/25 आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया ।
बरामदगीः-

01 अदद तमंचा 315 बोर
01 अदद कारतूस जिन्दा 315 बोर
गिरफ्तारी करने वाली टीम-
1.उ0नि0 श्री रामकुमार थाना भरतकूप
2.आरक्षी अखिलेश तोमर